भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 1337
सोमवार, 06 दिसम्बर, 2021/15 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

सीतामढ़ी में पर्यटन का विकास

1337. श्री सुनील कुमार पिंटू:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बिहार विशेष रूप से सीतामढ़ी में पर्यटन के विकास के लिए कितनी निधि जारी/व्यय की गई है और उक्त निधि किस शीर्ष तहत व्यय की गई है; और

(ख) सीतामढ़ी को रामायण परिपथ से जोड़ने के कार्य में अब तक कितनी प्रगति हुई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इसके अलावा, पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को भी वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। ऊपर उल्लेखित योजनाओं के तहत सीतामढ़ी में कोई परियोजना स्वीकृत नही की गई है।

पर्यटन मंत्रालय द्वारा बिहार में 'स्वदेश दर्शन', 'प्रशाद ' और 'पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों की सहायता' के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(राशि करोड़ में)

क्र.सं.	परियोजना का नाम	स्वीकृति का वर्ष	स्वीकृत राशि	निर्मुक्त राशि
प्रसाद योजना				
1.	विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में मूलभूत सुविधाओं का विकास	2014-15	4.27	2.91
2.	पटना साहिब में विकास	2015-16	41.54	33.23
स्वदेश दर्शन योजना				
3.	तीर्थंकर परिपथ का विकास -वैशाली- आरा-मसाद-पटना-राजगीर-पावापुरी-चंपापुरी	2016-17	37.19	26.19
4.	आध्यात्मिक परिपथ का विकास-कांवरिया मार्ग: सुल्तानगंज-धर्मशाला-देवघर-	2016-17	44.75	42.52

5.	बौद्ध परिपथ का विकास- बोधगया में कन्वेंशन सेंटर का निर्माण	2016-17	98.73	93.22
6.	ग्रामीण परिपथ का विकास-भितिहारवा-चंद्रहिया-तुर्कौलिया	2017-18	44.65	35.72
7.	आध्यात्मिक परिपथ का विकास-मंदार हिल और अंग प्रदेश	2017-18	47.53	38.02
केंद्रीय एजेंसियों को सहायता				
8.	राष्ट्रीय जलमार्ग सं.1 और 2 पर (जिनमें भागलपुर, बिहार का 01 घाट शामिल है) नदी क्रूज के आरोहण/अवरोहण के नौ (09) मुख्य बिंदुओं पर घाटों का विकास	2019-20	28.03 (इसमें भागलपुर के लिए 2.65 करोड़ रुपये शामिल हैं) (जीएसटी को छोड़कर)	7.01

****